संख्या- 72 /2021 / 655 /चार-2021-34 (बजट)/ 2014

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम
प्रमुख सचिव ,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 23 मार्च, 2021

विषय:- लाल बारादरी भवन में स्थित राज्य ललित कला अकादमी ,उ0प्र0 की वीथिकाओं के निर्माण हेतु अवशेष धनराशि की प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 4395/सं0नि0-6(94)/2015-16 दिनांक 25 फरवरी, 2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लाल बारादरी में स्थित राज्य ललित कला अकादमी के वीथिकाओं के निर्माण हेतु मूल्यांकित लागत रू0 2203.98 लाख के सापेक्ष कुल धनराशि रू0 888.83 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। तद्क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष रू0 25.00 लाख (रूपये पच्चीस लाख मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- शासनादेश संख्या-160/2016/354/चार-2016-34(बजट)/2014 दिनांक 20 अक्टूबर,2016 तथा शासनादेश संख्या-99/2017/1744/चार-2017-34(बजट)/2014 दिनांक 29 अगस्त, 2017 , शासनादेश संख्या-46/2019/322/चार-2017-34(बजट)/2014 दिनांक 02 मार्च, 2019 तथा शासनादेश संख्या-151/2019/2406/चार-2019-34(बजट)/2014 दिनांक 22 नवम्बर, 2019 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3- उपर्युक्त स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या-92 के अधीन लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-101-ललित कला शिक्षा-06-उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी , लखनऊ को अनुदान-20-सहायता अनुदान -सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020 , दिनांक 24 मार्च, 2020 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव

संख्या- 72 /2021/ 655 /चार-2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, ग्लोबल सेल, आवास विकास परिषद, नीलगिरी काम्पलेक्स, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- सचिव, उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी,लखनऊ।
6- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4,
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(शिशिर)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in